युवा एथलीटों के लिए आयोजित गेम में छात्रों ने जीते पदक

20 अप्रैल 2022 को स्पेशल ओलंपिक भारत चंडीगढ़ चैप्टर के द्वारा युवा एथलीटों के लिए आयोजित "भागो" गेम का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में संस्थान के विशेष विद्यालय के 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंकित और रश्मित ने क्रमशः 5 से 8 वर्ष आयु वर्ग एवं 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग की श्रेणी में स्वर्ण पदक हासिल किए। वही अर्णव ने रजत पदक तथा हर्ष ने 8 से 10 वर्ष आयु वर्ग में कांस्य पदक जीते। इस प्रतियोगिता का आयोजन सोरम, सेक्टर 36, चंडीगढ़ में किया गया था।